कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 10-06-2024

विषयः- ट्रक से 55 हजार रुपये लूटने वाले दो अभियुक्तगण को थाना रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 97/2024, धारा 34, 395 भा0द0वि0 थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1. हर्ष उर्फ गोलू यादव पुत्र बब्बू यादव निवासी जाल्हूपुर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 20 वर्ष तथा विकास यादव पुत्र स्व0 रामप्रकाश यादव निवासी ग्राम बरियासनपुर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 27 वर्ष को एक देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस के साथ उसके अपराध का बोध कराकर कारण गिरफ्तारी बताकर दिनांक 10,06,2024 स्थान- ढुंण्ढ़राज पुलिया के पास भीटी रामनगर वाराणसी से गिरफ्तार कर हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त विकास यादव उपरोक्त के कब्जे से बरामद अवैध देशी तमंचा व कारतूस के सम्बन्ध में थाना रामनगर पर मु0अ0सं0- 0102/2024, धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम विकास यादव पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 29/05/2024 को वादी मुकदमा श्री विरेन्द्र प्रताप यादव पुत्र धर्मदेव यादव निवासी ग्राम निहालापुर थाना केराकत जनपद जौनपुर के लिखित तहरीर जिसमें वादी मुकदमा द्वारा अंकित 28/29-05-24 की रात्रि में मेरा भान्जा जय सिंह यादव पुत्र इन्दल यादव निवासी भुडकी, थाना देवगाँव , जि0 आजमगढ़ मेरी ट्रक नं0 UP65DT2338 को लेकर घर से गिट्टी लाने के लिये सोनभद्र जा रहा था विश्वसुन्दरी पुल से उतरकर टेंगरा मोड़ के तरफ मिर्जापुर रोड़ पर मेरी गाड़ी को मोटर साइकिल सवार बदमाशो ने रोककर गाडी मे चढ़कर मेरे भान्जे जो गाड़ी चला रहा था पैन्ट के पाकेट में रखा हुआ 55000/रु (पचपन हजार रु) जबरी छीन कर मिर्जापुर की तरफ भाग गये जिस गाड़ी से वे लोग आये थे उसका नं0 UP63K3036, स्पेलेन्डर प्लस था तथा एक बिना नं0 प्लेट की पल्सर गाड़ी थी मेरा भान्जा गाड़ी लेकर सोनभद्र चला गया है। सूचना मिलने पर मेरे द्वारा थाना रामनगर वाराणसी पर उक्त घटना के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

विवरण पूछताछ-

अभियुक्त हर्ष उर्फ गोलू यादव- हर्ष उर्फ गोलू यादव पुत्र बब्बू यादव निवासी जाल्हूपुर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 20 वर्ष पूछने पर बता रहा है कि साहब हम लोगों का 7 – 8 लोगों का एक ग्रुप है। शहर के विभिन्न् थाना क्षेत्र के हाईवे पर ट्रक रोककर व ट्रक सड़क के किनारे लगाकर सो रहे ट्रक चालकों से डरा धमकाकर रूपया आदि वस्तुओं को छीना / चुरा लिया जाता है।

अभियुक्त विकास यादव- विकास यादव पुत्र स्व0 रामप्रकाश यादव निवासी ग्राम बरियासनपुर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 27 वर्ष पूछने पर बता रहा है कि साहब हम लोगों का 7 – 8 लोगों का एक ग्रुप है । शहर के विभिन्न् थाना क्षेत्र के हाईवे पर ट्रक रोककर व ट्रक सड़क के किनारे लगाकर सो रहे ट्रक चालकों को तमंचा के बल पर डरा धमकाकर रूपया आदि वस्तुओं को छीन लिया जाता है । उस घटना में जिस तमंचा से ट्रक चालक को डराया गया था यह वही तमंचा है ।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक 10,06,2024 स्थान- ढुंण्ढ़राज पुलिया के पास भीटी रामनगर वाराणसी से ।

बरामदगी का विवरण –

1. अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अदद मोटर साइकिल नम्बर UP 63 K3036 (स्पेलेण्डर प्लस) व 6880 रूपया नगद बरामद
2. अभियुक्त विकास यादव के कब्जे से 01 देशी तमंचा व 01 देशी कारतूस ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- हर्ष उर्फ गोलू यादव पुत्र बब्बू यादव निवासी जाल्हूपुर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 20 वर्ष ।

2- विकास यादव पुत्र स्व0 रामप्रकाश यादव निवासी ग्राम बरियासनपुर थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 27 वर्ष ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 श्री जय प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी भीटी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।

2- उ0नि0 श्री अमित कुमार त्रिपाठी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।

3- उ0नि0 श्री रामवृक्ष थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।

4- हे0का0 महेन्द्र कुमार पाल थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

5- हे0का0 रविन्द्र सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।

6- का0 अश्वनी सिंह सर्विलांस सेल कमिश्नरेट वाराणसी ।

7- का0 गौरव भारती थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।

8- का0 विष्णु प्रताप सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी ।